वि.वि. द्वारा पशुपालकों की आय को दोगुना कर – आत्म निर्भरता की पहल

जबलपुर, दिनांक 24 मार्च 2023 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति प्रो. (कर्नल) सीता प्रसाद तिवारी जी के उद्देश्यों के अनुरूप अनुसूचित जनजातीय परियोजना में आज मंडला ज़िले के नारायणगंज तहसील में परियोजना अंतर्गत अंगीकृत 4 ग्राम बीजेगाओं, खमरिया, सुरंगवाही तथा लावास के 30 पशुपालको को उन्नत नस्ल की 30 बकरी एवं 3 बकरे के साथ 20 पशुपालकों को रोहू, कतला एवं मृगल प्रजाति की मछलियों के बीज का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति प्रो. (कर्नल) सीता प्रसाद तिवारी जी ने अपने उद्‌बोधन में पशुपालको को बताया एकीकृत कृषि प्रणाली के माध्यम से अपनी आय को दोगुना करके पशुपालक को आत्म निर्भरता की ओर अग्रसर होंगे साथ ही पशु पालन के साथ मत्स्य पालन जैसे आय के माध्यम से अनुसूचित जन जाती की महिला हितग्राहीयो के लिए लघु उद्यम विकास को प्रोत्साहित करने की बात पर बल दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित संचालक विस्तार शिक्षा नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय डॉ. सुनील नायक ने पशुपालको को पशु आहार एवं पशु पोषण के संतुलित प्रबंधन के बारे में जानकारी दी साथ ही उन्होंने बताया की महिलायें अपने स्व–सहायता समूह के माध्यम से वर्ष भर आय अर्जन किस प्रकार कर सकती है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. हरी आर ने परियोजना के अंतर्गत किये गए कार्यो के बारे में विस्तृत रूप से बताया उन्होंने बताया की परियोजना के माध्यम से अंगीकृत ग्रामो में लगभग दस आदिवासी महिला स्व–सहायता समूह विकसित किए गए और परियोजना टीम ने जिले में पशुपालन आधारित उद्यम विकसित करने के लिए 800 मुर्गी और 33 बकरियों का वितरण किया। 30 मादा बकरियों और 3 नर बकरियों का वितरण इस पहल का एक हिस्सा है और इससे आदिवासी महिला किसानों को बकरी पालन के माध्यम से स्थायी आजीविका उत्पन्न करने में मदद मिलने की उम्मीद है। जिससे अनुसूचित

जनजाति की महिला हितग्राहियों का सशक्तिकरण संभव हो सके। डॉ. महेश गुप्ता, ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी, ने अभिनंदन भाषण दिए कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ माधुरी शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रीति मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री देवेश उपाध्याय, आशीष यादव, विजय चौकसे का सराहनीये योगदान रहा ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर